राजधानी में 'सीएमएस वातावरण' फिल्मोत्सव शुरू

भुवनेश्वर : विश्व के दुर्लभ लाल पंडा, स्वीटी और मीनी की जिंदगी को दर्शाती 'चेरुब आफ दी मिस्ट' फिल्म के प्रदर्शन के साथ ही भुवनेश्वर 'सीएमएस वातावरण' फिल्मोत्सव मंगलवार को स्थानीय रीजनल म्यूजियम आफ नेचुरल हिस्ट्री में शुरू हुआ। इसका उद्घाटन पर्यटन व संस्कृति मंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। सीएमएस के अध्यक्ष डा. एन भास्कर राव ने कहा कि इस महोत्सव का मकसद है, पर्यावरण व जीव-जन्तुओं की सुरक्षा के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक करना। साथ ही ये बताना कि राज्य सरकार को इसे बचाने के लिए पहल करना चाहिए। इसमें बदलते पर्यावरण के साथ पिछले दशकों में पर्यावरण व वन्यजीवों पर क्या कार्य हुए हैं, इस बारे में बताने की पहल की गयी है। इस अवसर पर पर्यावरण व वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे नौ व्यक्तियों को ग्रीन हीरो का पुरस्कार दिया गया। साथ ही पांच फिल्मकारों को भी सम्मानित किया गया। यह अन्तर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव पांच दिसंबर तक चलेगा। रीजनल म्यूजियम आफ नेचुरल हिस्ट्री के साथ विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी फिल्मों का प्रदर्शन होगा। इसमें फिल्मों के प्रदर्शन के साथ पेन्टिंग, वेस्ट क्राफ्ट, टी-शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता, क्रिएटिव एक्सप्रेशन प्रतियोगिता, क्ले माडलिंग प्रतियोगीता के साथ इको टूर का आयोजन होगा। उद्घाटन समारोह में रीजनल म्यूजियम आफ नेचुरल हिस्ट्री के वैज्ञानिक जीएन इंद्रेशा, नालको के सीएमडी बीएल बाग्रा उपस्थित थे। इसमें प्रवेश नि:शुल्क है।

आज प्रदर्शित होने वाले फिल्म (स्थान-रीजनल म्यूजियम आफ नेचुरल हिस्ट्री)

(10.30 से 12.30)
1. पायेंगे ऐसा एक जहां
2. जोर लगा के...हैया

(2.30 से 4.30)
3. लेडनाइंस
4. लिपार्ड इन ए लर्च
5. स्केयाड एगस
6. आमंग्स टाईगर एंड एलीफैन्ट
7. अनटील किड्स,
8 गली जूगाड़